(No.1) That at page 4, line 14, *for* the words, "the Central Government may make", the words, "The Central Government may, with the prior approval of both the Houses of Parliament, make,", be *substituted*.

*The question was put and the motion was negatived.*

*Clause 11 was added to the Bill.*
*Clause 12, the First Schedule, the Second Schedule and the Third Schedule were added to the Bill.*
*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Kinjarapu Rammohan Naidu to move that the Bill be passed.

SHRI KINJARAPU RAMMOHAN NAIDU: Sir, I move:

"That the Bill be passed."

*The question was put and the motion was adopted.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up the "Tribhuvan" Sahkari University Bill, 2025. Shri Murlidhar Mohol to move a motion for consideration of the "Tribhuvan" Sahkari University Bill, 2025.

**श्री जयराम रमेशः** सर, कैबिनेट मंत्री कहां हैं?

**श्री उपसभापतिः** अनेक कैबिनेट मंत्री बैठे हैं।

**The "Tribhuvan" Sahkari University Bill, 2025**

**सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री; तथा नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल):** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि इंस्टीट्यूट आफ रूरल मैनेजमेंट, आणंद, "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी के रूप में ज्ञात विश्वविद्यालय की स्थापना करने और उसे राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने; सहकारी क्षेत्र में तकनीकी और प्रबंधन शिक्षा तथा प्रशिक्षण प्रदान करने; सहकारी अनुसंधान और विकास की प्रोन्नति करने तथा 'सहकार से समृद्धि' के दर्शन को चरित्रार्थ करने के क्रम में इसमें वैश्विक

श्रेष्ठता के मानकों को प्राप्त करने और संस्थाओं के तंत्र के माध्यम से देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए, और संस्थान को विश्वविद्यालय के एक स्कूल के रूप में घोषित करने और उससे संबद्ध तथा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।"

**श्री उपसभापतिः** क्या आप इस बिल पर कुछ बोलना चाहते हैं?

**श्री मुरलीधर मोहोल**: सर, बाद में।

*The question was proposed.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Motion moved. I shall now call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion. Shri Digvijaya Singh.

**श्री दिग्विजय सिंह** (मध्य प्रदेश)ः माननीय उपसभापति महोदय, हम चाहते थे कि माननीय गृह मंत्री जी यहां पर मौजूद हों, क्योंकि यह उन्हीं के कार्यक्षेत्र का मसला है और उन्हीं के विवेक एवं सुझाव पर शायद मंत्रालय कृषि विभाग से लेकर गृह विभाग को सौंपा गया है। हम माननीय मंत्री जी और सरकार के आभारी हैं कि ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** प्लीज़, शांति बनाए रखें।

**श्री दिग्विजय सिंहः** सहकारी विश्वविद्यालय के बिल का नामकरण एक ऐसे वरिष्ठ, तत्कालीन सहकारिता के कांग्रेस के कार्यकर्ता, आदरणीय श्री त्रिभुवनदास पटेल जी के नाम पर रखा है, जिन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रेरणा से और V. Kurien साहब के सहयोग से इस देश में श्वेत क्रांति की अगुवाई की।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं 2014 के पहले की बात कर रहा हूं। उसके बाद क्या हुआ है, इसकी जानकारी शायद मंत्री जी देंगे।

महोदय, लोकतंत्र में सरकार की नीयत उसकी नीति, नियम और कानूनों में झलकती है। इनके 11-12 साल के कार्यकाल में तीन बिंदु साफ झलकते हैं। पहला- हर नीति में, नियम में, कानून में इनकी नीयत पूंजीवादी व्यवस्था के पक्ष में झलकती है। दूसरा, सत्ता के केन्द्रीयकरण में और राज्यों के अधिकारों को हथियाने में इनकी नीयत झलकती है। तीसरा, आप जानते हैं कि हर बात में सांप्रदायिक कटुता फैलाकर वे अपनी नीयत प्रदर्शित करते हैं।

महोदय, गुजरात के गांव कैरा में दूध उत्पादकों ने आंदोलन किया। उस समय Polson butter के लिए वहां से दूध ले जाया जाता था। किसानों ने आंदोलन किया कि आप कम भाव में दूध लेते हैं और मुंबई मिल्क स्कीम को महंगा बेचते हैं। वे सरदार वल्लभ भाई पटेल के पास आए। सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने कहा कि दूध सहकारी समिति का गठन करो और मोरारजी भाई

देसाई को कहा कि आप इनका सहयोग कीजिए। वर्ष 1946 में अमूल सहकारी समिति प्रारंभ हुई। यह एक ऐसा उदाहरण है, जो प्रोड्यूसर और कंज्यूमर के बीच की खाई को पाटता है। सामान्य तौर पर आज की व्यवस्था में बिचौलिए और प्रोसेसिंग के बाद किसान को उनकी उपज का केवल 30-40 प्रतिशत ही मिल पाता है, लेकिन अमूल एक ऐसी संस्था है, जिसका 80 प्रतिशत भाग उपभोक्ताओं से आता है, वह किसानों के पास जाता है। यही शक्ति है सहकारिता की। इसमें यही कारण है, जिसकी वजह से भारतीय संविधान में आर्टिकल 243 सहकारिता के ऊपर संविधान में रखा गया है। सरदार पटेल ने कहा था कि "There is no other instrument as potentially powerful and full of social purpose as the cooperative movement."

महोदय, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि सरदार पटेल ने कहा था कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधि नहीं है, बल्कि वह एकता की, न्याय की और समरसता की एक अलग प्रकार की जीवनशैली है।

[**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)** *पीठासीन हुईं।*]

इसी सहकारिता के बारे में उन्होंने कहा था कि यह भारत को शक्तिशाली बनाएगा और अखंड रहेगा और आर्थिक और सामाजिक विकास के माध्यम से इसे आगे बढ़ाएगा। इसलिए संविधान में इसे राज्यों की सूची में रखा गया है। देखने में यह आ रहा है कि लगातार राज्यों के अधिकारी, हमारा राज्यों का हाउस है और इस राज्यों के हाउस में लगातार राज्यों के अधिकार को धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। माननीय मंत्री जी यहां उपस्थित नहीं हैं। अगर अमित शाह जी, आपको सरदार वल्लभ भाई पटेल के रूप में दूसरा सरदार गुजरात का बनना है, तो आप कम से कम उनके विचारों को अंगीकार कीजिए। सहकारिता के माध्यम से, जनता के किसानों के माध्यम, उपभोक्ताओं के माध्यम से ...(**व्यवधान**)... जी, मैं वही कह रहा हूं कि आपको करना है, तो उनके विचारों का पालन कीजिए, लेकिन इन्होंने राज्यों का अधिकार छीना है। मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि आज केन्द्र सरकार ने सहकारी मंत्रालय बनाया। पूर्व में यह मंत्रालय कृषि विभाग के साथ था। पहले यह Ministry of Agriculture and Cooperation हुआ करती थी, लेकिन किस उद्देश्य के साथ, किस मंशा के साथ माननीय प्रधान मंत्री जी ने सहकारिता को अलग किया... और सहकारिता को कृषि से अलग करके गृह मंत्रालय के साथ जो जोड़ा गया है, उसमें क्या राज छिपा है, मैं उसके बारे में आपसे कह नहीं सकता हूं। ...(**व्यवधान**)...

महोदया, मैं आज इस मामले में आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि ...(**व्यवधान**)... जोशी जी, इसमें क्या राज छिपा है, इसके बारे में आप पता नहीं लगा पाएंगे, यह गुजरात का मामला है। मैं अनुरोध करना चाहता हूं, आप देख रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)**: माननीय सदस्य, कृपया बैठ जाइए।

**श्री दिग्विजय सिंह**: महोदया, I am not yielding. इस बिल के माध्यम से कोऑपरेटिव का कॉर्पोरेटाइटेशन हो रहा है। यानी कि जो कोऑपरेटिव मिनिस्ट्री है और कोऑपरेटिव सहकारिता

है, वह सहकारिता किसान और मजदूरों के हाथ से निकालकर उद्योगपतियों के हाथ में सौंपने का प्रयास है।

महोदया, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि भारत और विश्व स्तर पर हुए सहकारिता आंदोलनों में हमेशा से समाजवादी विचारधारा निहित रही है। यह श्रमिक केंद्रित आंदोलन रहा है और श्रमिकों के नेतृत्व में चलता है। केपिटलिज्म, कॉरपोरेट्स और सहकारिता में यही अंतर है। केपिटलिज्म में कॉरपोरेट्स पूंजी से मजदूर लेते हैं और सहकारिता में मजदूरों से पूंजी इकट्ठी करके मजदूरों को उनका हक दिया जाता है। कॉरपोरेट्स और कोऑपरेटिव के बीच में यही फर्क है।

महोदया, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि हमारे संविधान के अनुसार कोऑपरेटिव सोसायटीज़ में हर पाँचवें साल चुनाव होने चाहिए। उनके लिए 6 महीने के एक्सटेंशन के बाद किसी भी हालत में चुनाव कराना आवश्यक है। लेकिन आप देख रहे हैं और मुझे मालूम है कि अनेक प्रदेशों में, जहाँ पर भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकारें हैं, वहाँ पर सहकारी समितियों के चुनाव नहीं कराए जाते, बल्कि वहाँ पर प्रशासक नियुक्त किया जाता है। महोदया, वे प्रशासक के माध्यम से सहकारी समितियों में जैसा चाहते हैं, वैसा मनमाना निर्णय कराते हैं।

महोदया, मैं और राज्यों के बारे में तो ज्यादा बात नहीं जानता हूं, लेकिन मध्य प्रदेश के बारे में कहना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में 4,536 PACS हैं, यानी Primary Agricultural Credit Societies हैं। उनमें से 3,800, यानी जो 80 प्रतिशत Primary Agricultural Credit Societies हैं, वे आज पूरी तरह से overdue हो चुकी हैं, भारी घाटे में हैं और वहाँ पर चुनाव भी नहीं हो रहे हैं। महोदया, इसी प्रकार से 38 जिला सहकारी बैंक्स में से लगभग 13 जिला सहकारी बैंक्स की हालत यह है कि वे अपने सदस्यों को 2,000 रुपये भी नहीं दे सकतीं।

महोदया, इसी प्रकार से अन्य घोटालों का भी अंबार है। शिवपुरी जिला सहकारी बैंक में 100 करोड़ रुपये का गबन हुआ, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, ग्वालियर में 25 करोड़ रुपये का गबन हुआ, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, इतना ही नहीं अनेक सहकारी संस्थाओं में 20 साल से सहकारी समिति के चुनाव नहीं हुए और वहाँ पर प्रशासक को बिठा रखा है। माननीय मंत्री जोशी जी, आप इस मामले में गृह मंत्री जी को कम से कम इतना बता दीजिए, ..(**व्यवधान**)..सहकारिता मंत्री जी को बता दीजिए कि आप सहकारिता के मंत्री हैं, इसलिए कृपा करके कम से कम राज्यों में सहकारिता की क्या हालत है, उसका पता लगा लीजिए। पाँच साल में चुनाव होना चाहिए — ऐसा संविधान में प्रावधान है, लेकिन मध्य प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने उसमें भी कानून परिवर्तन करके कह दिया कि चुनाव न हों, तो न हों, लेकिन अनंतकाल तक चुनाव स्थगित करने का अधिकार दे दिया और अनंतकाल तक प्रशासक को बैठने का अधिकार भी दे दिया। ये हैं सहकारिता के हालात इस देश में!

महोदया, माननीय सहकारिता मंत्री अमित शाह जी, जो सरदार पटेल का एक दूसरा रूप बनना चाहते हैं, मैं इसी तरह से कहना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश के cooperative apex bank के प्रबंध संचालक पर गबन की शिकायत हुई थी, 12 बार प्राइम मिनिस्टर ऑफिस, यानी पीएमओ ने राज्य सरकार को लिखकर भेजा कि इस पर कार्रवाई कीजिए, लेकिन राज्य सरकार ने उन पर कोई कार्रवाई नहीं की। यह डबल इंजन सरकार की हालत है! कुरियन साहब ने पूरी तरह से

अमूल का प्रबंधन किया और उसे स्टेटस दिया। उन्होंने IRMA का गठन इसलिए किया, क्योंकि वहां पर ऐसे मैनेजर्स, ऐसे कार्यकर्ताओं, ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों की जरूरत थी, जो किसान और मजदूर के हित की बात समझें और किसानों को संगठित करने की क्षमता उनमें पैदा की जाए। NDDB, गुजरात सरकार और अन्य लोगों ने मिलकर संयुक्त प्रयासों से इसका गठन किया। आज इस IRMA जैसे संगठन को हथियाने के लिए यह सहकारी यूनिवर्सिटी बिल लाया गया है, क्योंकि इसमें राज्यों के अधिकारों की बात थी।

मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मोटे तौर पर आज इसको दूसरे मैनेजमेंट कोर्सेज के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए, क्योंकि जो दूसरे बिजनेस मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट्स हैं, उनका सारा concentration और focus उस तरह के मैनेजर और अधिकारी बनने के पक्ष में होता है, जिनसे शेयरहोल्डर्स को ज्यादा मुनाफा हो, ताकि शेयर्स के प्राइसेज बढ़ें। आज कोई भी कॉर्पोरेट मुनाफे को वर्कर्स और employees के साथ शेयर नहीं कर रहा है। IRMA के अंदर जो मैनेजमेंट कोर्सेज हैं, उन पर उसका हमेशा से अधिकार था और उसकी ऑटोनॉमी थी। बिल में कहा गया कि हम ऑटोनॉमी कायम रखेंगे, जबकि केंद्र सरकार के रहते हुए वाइस चांसलर वे अपॉइंट करेंगे, चांसलर वे अपॉइंट करेंगे और गवर्निंग बॉडी के सारे मेंबर्स भी वे अपॉइंट करेंगे, तो ऑटोनॉमी कहां तक रहेगी? तो पूरे तरीके से IRMA को हथियाने के लिए यह यूनिवर्सिटी बिल लाया गया है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि मूल रूप से IRMA अभी तक किसानों के हित में - IRMA जो है, यह सरकार की संस्था नहीं है, बल्कि यह संस्था वहां पर दूध उत्पादकों और किसानों के शेयरहोल्डर्स, मालिकों की वजह से उनके प्रति जिम्मेदार थी, लेकिन अब इस कानून के माध्यम से उनका हक चला जाएगा और जिन्होंने शेयर लिए हुए हैं, उनका अधिकार छीनकर केंद्र सरकार ने अब उस पर कब्जा कर लिया है। माननीय मंत्री जी, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं और आपके माध्यम से अमित शाह जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि कम से कम इसकी फैकल्टी की अपॉइंटमेंट में इस बात का ध्यान रखा जाए कि आप किन्हें वहां पर अपॉइंट करने जा रहे हैं। जैसा कि आपने बताया कि यह ऑटोनॉमस रहेगा, लेकिन उस ऑटोनॉमी में इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि उसमें जो कोर्सेज हों और जो फैकल्टी अपॉइंट हो, उनमें उन लोगों का चयन होना चाहिए, जिनकी सोच और विचारधारा किसानों के हित में हो, जो सहकारिता के पक्ष में हों और जो मजदूरों के पक्ष में हों। सहकारिता आंदोलन की पूरे विश्व में जो कल्पना है, जिसको सरदार वल्लभभाई पटेल ने हमेशा आगे बढ़ाया और वे इसके बड़े नेता रहे हैं। आज आप सरदार वल्लभभाई पटेल की बड़ी-बड़ी मूर्तियां लगाते हैं और उनके नाम से कसम खाते हैं ...**(व्यवधान)**... लेकिन पूरे IRMA को, वहां के सहकारिता आंदोलन को समाप्त करने के लिए यह विश्वविद्यालय कायम किया गया है।

मैं यह भी अनुरोध करना चाहता हूं कि इसके एडमिशन टेस्ट को बिजनेस मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट में जो कम्बाइन्ड एडमिशन टेस्ट होता है, उससे अलग रखना चाहिए, क्योंकि जो छात्र यहां पर भर्ती होना चाहते हैं, वे लोग मूल रूप से कॉर्पोरेट सेक्टर में काम करने के लिए उन इंडियन इंस्टिट्यूट्स ऑफ मैनेजमेंट में एमबीए कोर्सेज़ के लिए जाते हैं।

लेकिन IRMA के लिए अलग से चयन प्रक्रिया होनी चाहिए, अलग से admission test होना चाहिए, जिससे उसी प्रकार के लोग वहाँ पर admission लें, वे ही छात्र उसमें admission

लें, जो गरीबों के बीच में, किसानों के बीच में, मजदूरों के बीच में, slums में, गरीब इलाकों में काम करने की मानसिकता रखते हों। जो अपना भविष्य उनकी सेवा में लगाना चाहते हैं, कम से कम उसी प्रकार के छात्र वहाँ पर प्रवेश लें।

मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि आज IRMA की autonomy कायम रखना अति आवश्यक है। हम नए विश्वविद्यालय की स्थापना का समर्थन करते हैं और इस तथ्य की भी सराहना करते हैं कि आपने इसका नाम हमारे कांग्रेस के एक महान नेता, त्रिभुवनदास पटेल जी के नाम पर रखा, लेकिन इसकी कोई आवश्यकता नहीं थी। आप IRMA को इसमें शामिल किए बिना भी विश्वविद्यालय बना सकते थे, लेकिन आपका जो hidden agenda है, वह hidden agenda है - IRMA को समाप्त करो, किसानों का सहकारी आंदोलन समाप्त करो, तभी जाकर उनका उद्देश्य पूरा होगा। यही उनकी नीयत है, जिसका ज़िक्र मैंने आपसे पहले किया था।

माननीय जोशी जी, मैं आपसे इतना ही अनुरोध करूँगा कि आप हाथ जोड़ कर हमारा प्रार्थना संदेश पहुँचा दीजिए कि वे कम से कम इसे बख्शें और आज भी समय है, IRMA को त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी में से बाहर करें। आप अलग से सहकारी यूनिवर्सिटी बनाइए, अलग से सहकारिता के कोर्सेज़ चलाइए, लेकिन आप कम से कम IRMA को बर्बाद मत करिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)**: धन्यवाद, माननीय सदस्य। माननीय सदस्य, श्री नरहरी अमीन। आपके पास 15 मिनट का समय है।

SHRI NARHARI AMIN (Gujarat): [&] Madam Vice Chairperson, I rise in support of the Tribhuvan Sahakari University Bill, 2025. I would like to deliver my speech in Gujarati. The roots of the cooperative movement in the nation were planted prior to independence. Tribhuvan Das Kashibhai Patel of Kheda district was an activist, lawyer, and statesman of the Indian independence struggle. He aligned himself with Mahatma Gandhi and Sardar Vallabhbhai Patel during the struggle for independence. He was the founding figure of the Kheda District Milk Producers Cooperative Union and the Anand Cooperative Movement, earning him the moniker of the father of the cooperative movement in India. Under hon. Sardar Patel's guidance,the Gujarat Co-Operative Milk Marketing Federation, Anand Amul Dairy, and National Dairy Development Board were established in 1946, laying the groundwork for the co-operative movement. Presently, Amul Dairy stands as the largest dairy in India and Asia, serving as a lifeline for countless small and medium farmers. In our nation, the co-operative sector has flourished due to the Government's dedication, with Gujarat

[&] English translation of the original speech delivered in Gujarati.

boasting a rich tradition in this domain. Over the past decade, significant strides have been made by the Government under the leadership of the esteemed Prime Minister, Shri Narendrabhai Modi, in revitalizing cooperative activities, particularly in the rural and agricultural sectors. A dedicated Ministry of Cooperation was established in the Central Government, outlining a comprehensive vision to expand the reach of cooperative endeavors and ensure equitable progress across all states. Aiming to elevate the cooperative movement to new heights, a holistic approach has been adopted. Numerous cooperative entities in the state have long operated under the motto 'No way-out without cooperation'.

Milk cooperatives, Agricultural Produce Market Union, Credit Societies, District Cooperative Banks, and particularly Service Cooperative Societies have conferred a unique identity upon the cooperative sector of Gujarat. Operating in accordance with the cooperative principles, these societies fulfill their societal obligations in a democratic manner while fostering the growth of their members. Amidst the Covid pandemic, our cooperative entities have been at the forefront of service initiatives. Upholding their fundamental values, they have spared no endeavor in assisting individuals during times of crisis. Service Cooperative Societies have not only significantly contributed to the economic progress of the state but have also played a pivotal role in promoting social cohesion. Currently, Gujarat hosts 1 State Government Bank, 18 Central District Cooperative Banks, 10166 Primary Agricultural Credit Societies, 223 Citizen Co-operative Banks, 16091 Milk Societies, 2017 Consumer Cooperative Stores, and 83134 diverse cooperative entities including Agricultural Produce Market Committees and Taluka Cooperative Purchase and Sale Unions. Nationally, there are over 800,000 cooperative societies, encompassing approximately 98% of rural India. Around 30 crore individuals are affiliated with such cooperatives, indicating that one in every five citizens is linked to the cooperative sector in some capacity. Remarkably, a quarter of all cooperative societies worldwide are located in our nation, making a substantial contribution to rural development and economic fortification. Small service cooperative societies engage in a spectrum of activities such as operating local farmer assistance centers, dispensing fertilizers and seeds, managing retail outlets for petrol and diesel, overseeing water resource management, and installing solar panels. The States of Maharashtra and Gujarat have made a huge contribution to the cooperative sector in the entire country. To study the cooperative activities of Maharashtra and Gujarat, cooperative leaders of the country and States as well as cooperative leaders from many countries of the world come to study. Gujarat state has given many national level cooperative leaders; Shambhubhai

Patel, Jayarambhai Patel, Atmaram Patel, Dwarkadas Patel, Shantibhai Patel, Popatlal Vyas, Arvindbhai Maniyar, Parsi Bhatol, Galbabhai Chaudhary, Motibhai Chaudhary and many other cooperative leaders have accelerated cooperative activities from Gujarat. The current Union Home and Cooperation Minister Shri Amitbhai Shah was associated with various cooperative organizations since 1999, the time he was the leader of BJP Yuva Morcha. Respected Amitbhai Shah was the chairman of Asia's largest ADC Bank, which currently has more than 106 branches. He was also the Director in Gujarat State Co-operative Bank for years. Shri Digvijay Singh has left. I want to tell him something. During his speech, he asked, why did the hon. Prime Minister Modiji give the responsibility of the Ministry of Co-operation to Shri Amitbhai Shah. The reason is that Shri Amitbhai Shah was the leader of the BJP Yuva Morcha since 1999. He has a vast experience of the co-operative sector. Beginning from the co-operative activities at the rural level, he has worked at various levels, that is the State and national levels. Shri Amitbhai Shah, who was associated with cooperative activities from a young age, was entrusted with the responsibility of the Minister of Cooperation by the Prime Minister of the country, Shri Narendrabhai Modi. After 70 years of independence, the humane Prime Minister Shri Narendrabhai Modi has made cooperative activities flourish throughout the country and the country develops through cooperative means. Also, to give priority to cooperative activities, the Ministry of Cooperation was created separately in the year 2021 and its responsibility was entrusted to the hon. Shri Amitbhai Shah and in the current five-year period, the work of accelerating cooperative activities in the country is being done by the hon. Home Minister Shri Amitbhai Shah. During this 5 year period, all the co-operative institutions, beginning from the Block level (Taluka level) to the State level, all the Co-operative institutions are prospering under the leadership of BJP leaders. 25 years ago, there was a time all the Co-operative institutions were led by the Congress party. Today, the Congress has ZERO institutions. All the institutions are functioning under the leadership of BJP leaders. People are sure that under the BJP regime and the able guidance of the hon. Minister of Co-operation Shri Amitbhai Shah, the activities in the co-operative sector will prosper more and more. The members of these co-operative societies earn more dividend. Today, in Gujarat, there are many state level co-operative institutions and societies that give 15-20 percent dividend to its members.

During the Congress regime (UPA Government), the Budget of the Ministry of Cooperation was only Rs 122 crore in the year 2013-14. Whereas today, after the setting of the Ministry of Cooperation in the Government led by hon. Amitbhai Shah

and hon. Prime Minister Shri Narendrabhai Modi ji, this Budget has increased to Rs 1183 crore which is nine times more than the UPA Government. To bring flexibility in the working style of cooperative societies, the Government has so far completed the process of computerization of more than 63,000 Primary Agricultural Credit Societies (PACS). The Government has also set a target of computerizing 1851 agricultural banks and Registrar of Co-operative Society offices of the country at a cost of Rs. 225 crore. To realise the vision of "Cooperation for Prosperity", the Ministry of Cooperation, Government of India, has taken various initiatives to revive and strengthen the cooperative sector across the country. Due to these initiatives, the institutions will be strengthened even in those States/Union Territories where the cooperative movement is not in a good condition at present and thus the equitable development of the cooperative institutions/society of the country will be ensured. To increase the penetration of cooperative-based products in the international market, the Ministry of Cooperation has established the "National Cooperative Export Limited", which will focus on exporting cooperative products by reaching out to large markets outside the country. Today, 8863 cooperative institutions in the country have become its members. To make the Primary Agricultural Credit Societies of the country multipurpose and multi-dimensional, "Model Bylaws" have been prepared as a guideline for all the states and provisions have also been made to make its membership more extensive, so that women and SC, ST communities get adequate representation. 32 states of the country have adopted these Bylaws. To strengthen such Primary Agricultural Credit Societies, a "Computerization Project" with a cost of Rs. 2516 crores has been approved and a plan to establish dairy and fisheries cooperatives to make them multipurpose has also been approved. In the next five years, through the coordination of various organizations of the country and various schemes of the Government of India, "the world's largest decentralized grain storage scheme" has also been approved in the cooperative sector. This will reduce the wastage and transportation costs of grains. Farmers will get better prices for their produce. To make generic medicines and fertilizer related services easily available to farmers at the rural level, Primary Agriculture Societies have been enabled to run Pradhan Mantri Jan Aushadhi Kendras and Kisan Samriddhi Kendras, due to which 36193 such Primary Agriculture Credit Societies have become functional today. In addition, the Ministry of Co-operation has set a target of increasing milk production of dairy cooperatives by 50% in the next five years under Shwet Kranti 2.0. To strengthen the sugar cooperative mills of the country, a loan scheme of Rs. 10000 crore has been launched and their old hard claims have been resolved, due to which

such mills have received relief of more than Rs. 46000 crore. While the esteemed Prime Minister of the country is moving forward with the resolution of Developed India-2047 and the esteemed Home and Cooperation Minister is moving forward with the approach of Cooperatives through which the first university in the cooperative sector of India is being established through this Act. The Government has so far worked for the sugar mills and agriculture sector. NCDC has worked for the development of the cooperative sector. But so far no specific policy or process was decided for training, education, research, rural development, improvement in the efficiency of institutions in cooperatives. By bringing all under this one "umbrella", the scope of cooperative activities will increase and it will be possible to survive in global competition. A proposal has been submitted to establish "Tribhuvan Co-operative University" with the aim of giving a holistic educational form to the cooperative movement in the country. The establishment of this university will prepare a new educated generation and professionals for the sound administration and all-round development of cooperative organizations, changes will be made according to global standards, the efficiency of the organizations will increase and the country's organizations will be developed by making the cooperative movement compatible with global competition. The National Cooperative Development Corporation is running the "Youth Cooperative Cooperative Enterprise Support and Innovation Scheme" across the country, its main objective is to promote newly formed cooperative societies and provide assistance to societies that have been functioning for three months. Under this scheme, co-operative societies from the North-Eastern states, co-operative societies selected by NITI Aayog and societies in which 100% members are SC, ST, Divyang and women members get assistance on the basis of 80:20. The National Cooperative Development Corporation has also launched the following other schemes with the aim of strengthening farmer cooperatives and increasing crop production. The 'Ayushman Sahakari' scheme covering hospitals, health care, medical nursing and paramedical education and health insurance is in operation. Many such schemes are being run by the Ministry of Co-operation. This Bill is oriented to give momentum to the activities in the co-operative sector in the coming days. I welcome this Bill.

4.00 P.M.

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता):** माननीय सदस्य, Shri Narhari Amin, आपका समय समाप्त हुआ। माननीय सदस्या, सुश्री दोला सेन। आपका समय पाँच मिनट है।

MS. DOLA SEN (West Bengal): Thank you, Vice-Chairman, Madam, for giving me an opportunity to speak. Thanks to our party, All India Trinamool Congress, and our leader, hon. Mamata Banerjee, for giving me the opportunity to speak on the "Tribhuvan" Sahkari University Bill, 2025.

Sir, the All India Trinamool Congress demands that this Bill should be sent to a Committee. Don't rush this like you rush through other Bills. [&] "We want that this Bill be sent to a Committee." Madam, this Bill talks of cooperatives. However, the Government's true intention on cooperatives is very different. In 2023-24, the Union Government utilized only three out of five rupees it allocated for cooperatives in the Budget. [&] "Only 3 rupees out of 5 rupees, Madam"! The biggest fund slash by the Ministry was on computerization of Primary Agricultural Credit Societies and grants to States. I want to ask in this House: Why is this Government so anti-farmer? Why are you so anti-federal? After all, cooperatives are a State subject. Only Multi-State Cooperatives are under the Union List. Then, why are you cutting the grants to States? And, then you talk about cooperative federalism! [&]"Why so much opposition to the farmers? Why so much opposition to federalism? Why so much opposition to the opposition-ruled State Governments? Cooperative societies, according to the Constitution, is enumerated in the State List." Madam, another example of their anti-federal mindset is the funds disbursed by the National Cooperative Development Corporation in 2024. Only Rs. 3 crores was given to my State, West Bengal, that has 9th highest development corporation, in 2024, whereas Rs.2,800 crores was given to a State that has 18th highest cooperative societies! The difference between these two States is simple. One is BJP-ruled and another is ruled by a leader who understands cooperating way better than the Treasury Benches. [&]"In states, where there is a double engine Government, a sum of Rs. 2800 crore has been allocated, whereas, our opposition-ruled State has been granted a paltry sum of Rs. 3 crore."

On the one hand, the Government claims that micro-ATMs are being set up within cooperative societies to provide easier access to banking services. However, on the other hand, the RBI has increased charges on withdrawal of money from rupees 2 to rupees 23 per transaction. This makes me ask you: Why are you so anti-poor? Why so anti-people? Why are you imposing such heavy penalties on people for withdrawing their own money from ATMs? [&] "Why so much opposition to the poor?

[&] English translation of the original speech delivered in Bengali.

Now one would require to pay a charge of 23 rupees for withdrawing one's own money from ATM, Madam?"

Can you have a look at the Home and Cooperation Minister's reply in this discussion on the Bill in the Lok Sabha, where he claimed that this university would train individuals annually and lead to job creation in the cooperative sector? Let me give some statistics on the track record of this Government. Under their flagship programme, PMKVY, only 15 per cent of the trained candidates were placed under the programme. In fact, the placements have been dwindling since PMKVY 4.0. Half of the college students are not ready to be employed after graduating, and only 4 out of 10 youth in the workforce possess formal skills.

Eighty per cent of the unemployed are youth, and 1 in 3 youth are neither in education or employment, nor in training; women make up 95 per cent of this group. This is their track record. Whereas, when I compare this to my home State Bengal, I am proud to say that today in Bengal; we have over 30,000 cooperatives, employing nearly 90 lakh people. In fact, if we look at women in Self-Help Groups, Bengal has the second-highest number of women mobilised in Self-Help Groups, with over 1 crore women; whereas, hon. Prime Minister and hon. Home Minister's home State, Gujarat, has only around 28 lakh women in Self-Help Groups. [&] "If you look at West Bengal, approximately 90 lakh people work in 30,000 cooperative societies across the State and in terms of Women's' Self-help Groups, Bengal is at 2nd position in the country, where about one crore women are employed. Whereas, in Gujarat, only 28 lakh women are employed".

Learn from our three-time outstanding Chief Minister. She is one of the most respected leaders across the world, who recently addressed Oxford University, showcasing the success story of Bengal, that is, Bengal's development. She is unparalleled and unlike mainstream politics in all respects. I leave you three suggestions. One, send this Bill to the Department-Related Standing Committee on Education for more scrutiny. *

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता):** माननीय सदस्य, कृपया आप बैठ जाएं। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, आप शांत रहें, बैठ जाएं। ...(**व्यवधान**)...

MS. DOLA SEN: *

[&] English translation of the original speech delivered in Bengali.

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)**: माननीय सदस्य, आप बिल पर ही बोलें। यह रिकॉर्ड में नहीं जा रहा है, आप बिल पर ही बोलें। माननीय सदस्य, आपका बोलने का समय समाप्त हुआ। ...**(व्यवधान)**...

MS. DOLA SEN: * इस बिल को कमिटी में भेजिए, thank you.

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)**: धन्यवाद। श्री के.आर.एन. राजेश कुमार। आपके बोलने का समय 9 मिनट है।

SHRI K.R.N. RAJESH KUMAR (Tamil Nadu); & Madam Vice Chairman, I thank you very much for giving me the opportunity to speak on 'The "Tribhuvan" Sahkari University Bill, 2025'. I thank hon. Chief Minister of Tamil Nadu, *Thalapathy* M.K. Stalin, hon. Deputy Chief Minister of Tamil Nadu, Brother Udhayanidhi and also our party leader in this House, Brother Tiruchi Siva, for giving me this opportunity. It was in Thiruvuru village of Tamil Nadu, the co-operative society was first formed in India in the year 1904. It is our State, Tamil Nadu, which first introduced co-operative system in the country. I would like to register this fact in this House as my duty. The objective of this Bill is to establish a Co-operative University. There are various Ministries and various Departments under the Union Government. Can each and every Ministry establish a University? Usually they have to be established under the Central University Act. Only if they are established under the Central University Act, University Grants Commission gives its approval to the Degrees offered by the Universities.

Two years ago, in the same House, a Bill was passed to establish a University which would function under the Ministry of Railways. It was established under the Central University Act. This was the convention for many years. But this University is not established under the Central University Act. It is autonomously set up under the Ministry of Cooperation through this Bill. Whether this University has the approval of the UGC, whether the post Graduate courses and the research degrees awarded by this University has the approval of UGC, is to be clarified. I would like to know these facts.

Madam, this University is named as 'The "Tribhuvan" Sahakari University'. It is going to be established in the State of Gujarat. We welcome that it is named after a great leader of Gujarat. How can we understand the term 'Sahakari'? It means co-operatives. How can people from non-Hindi background understand the term

---

* Not recorded.

& English translation of the original speech delivered in Tamil.

'Sahakari'. We are following two language formula in Tamil Nadu. Many States are following two language formula. In this House, a former Prime Minister had approved the usage of two language formula in many States. This principle had been followed at many instances during the rule of Congress party also.

If this University is established in the name 'The "Tribhuvan" Sahakari University', will the same name continue in future also? It may continue as The "Tribhuvan" Sahakari University' even if it is written in English. I would like to recommend renaming of this University as 'Co-operative University' in this Amendment itself. Only then, will the real objective come into existence. People from non-Hindi background also will understand the significance of this University.

Hon. Vice Chairman Madam, not only in Tamil Nadu, but also in various States of India, many universities offer Graduate and Post Graduate courses with respect to co-operative sector. There is an institute by name National Council for Cooperatives Training which functions under the Union Government. Twenty-one colleges are affiliated to this Council. Vaikunth Mehta National Institute of Cooperatives, Pune is also functioning under the Council. It is a very popular institute at the international level. Many Such institutes also cater to the needs of co-operative education. Then, what is the necessity of setting up this Unverisity? Our former Prime Minister Pandit Jawaharlal Nehru laid the foundation for setting up of many universities. It is our duty not to spoil that structure.

The objective of setting up this University is not clear. Co-operative trainings are given by the respective State Governments in many states. Then, what is the need for establishing this University? Madam, now you are offering a course in co-operative sector. What would be the employment opportunities for those, graduated from this University? It is a great question mark. Nowadays, modernisation is spreading at a rapid pace. Computerisation is entering almost all fields. If students complete graduation from this University, what is the guarantee for their employment. It has to be explained.

Madam, in this Bill, many new terms are used. It is mentioned as an Institute of National Importance. It has been mentioned as a Centre of Excellence. We agree with these objectives. But what is the source of fund for this Institute? It is nowhere mentioned in this Bill about the source of funds needed for this Institute. I would like to point out this issue here.

Madam, many co-operative societies are functioning under various ministries. Significantly, there are various co-operatives functioning under various Ministries. The Ministry of Cooperation should formulate co-operative policy, should allocate funds

for the schemes meant for cooperatives, and should also have future plans for the development of co-operatives. It is my duty to record this view in this House. But now, the Ministry aims to take control of all the co-operative societies under its administration.

I would like to mention about IFFCO, Indian Farmers Fertiliser Co-operative Limited. It is a well-established co-operative society. It has been functioning efficiently since independence. It was under the Ministry of Chemicals and Fertilisers. But now, it has been brought under the administrative control of the Ministry of Cooperation. It is good for any institution to function under the respective Ministry. But now, the Institute which was functioning under the Ministry of Chemicals and Fertilisers is brought under the control of the Ministry of Cooperation. What is the objective behind this transfer of administrative control? A co-operative society functioning for a particular sector should be under the administrative control of that particular ministry. Only then can the challenges be faced. For example, during the Ukraine war, the role of IFFCO was significant.

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)**: माननीय सदस्य, आपका समय समाप्त हो गया है, Please conclude.

SHRI K.R.N. RAJESH KUMAR: One minute, Madam. [&] What is the difference that is going to happen due to this change? What benefit are we going to get? What are the advantages due to this change of Ministries? IFFCO played a vital role in efficient functioning of the Ministry of Fertilisers. Moreover, in this Bill, the University was not established newly. Already an institute for Dairy and Animal Husbandry, was functioning in Anand, Gujarat. That institute has been upgraded to the status of a University by this Bill. An Institute has been renamed and re-registered as a University. Is it acceptable?

Madam, nowadays, the Ministry of Cooperation is announcing a scheme, 'One District, One Co-operative Bank'. Now, the scheme is only at the naming stage. But more fund has to allocated for this 'One District, one Co-operative Bank' scheme. More funds have to be allocated to NABARD also if this Ministry is functioning for the welfare for co-operative societies. With these words, I conclude my speech. Thank you for giving me this opportunity."

---

[&] English translation of the original speech delivered in Tamil.

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)**: माननीय सदस्य, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। डा. अशोक कुमार मित्तल, आपके पास सात मिनट हैं।

**डा. अशोक कुमार मित्तल** (पंजाब): उपसभाध्यक्ष महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आज आपने मुझे 'त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी बिल, 2025' पर बोलने का अवसर दिया है। महोदया, यह एक अच्छी पहल है और कोऑपरेटिव क्षेत्र को शिक्षा से जोड़ने का एक अच्छा प्रयास भी है। कोऑपरेटिव की धारा बिल्कुल शांत नदी की तरह बहती है, यह किसी की सीमा नहीं देखती, किसी मंजिल को नहीं देखती, यह जब भी जाती है, विकास के छोटे-बड़े बीज बोती हुई जाती है, आगे चलती जाती है और आर्थिक सहयोग को विकसित करती है। भारत में सहकारिता की परंपरा काफी पुरानी है। अगर हम इतिहास की ओर देखें, तो महात्मा गाँधी जी ने ग्राम स्वराज के विचार के माध्यम से, खादी और ग्रामीण उद्योगों के माध्यम से सहकारिता को बढ़ावा दिया और इसको आज़ादी की लड़ाई से भी जोड़ा, मतलब यह है कि यह हमारे लिए इतना महत्वपूर्ण है! महोदया, श्री त्रिभुवन भाई पटेल जी जैसे अन्य किसानों ने इसे आगे लाकर इस विचार को साकार किया और इस सहकारिता से जन्मी 'अमूल' भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा डेयरी ब्रांड बन चुका है। मैं आज इस मौके पर वर्गिस कुरियन जी को भी नमन करता हूं कि उन्होंने भारत में कोऑपरेटिव मूवमेंट को आगे बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान दिया।

महोदया, यह विधेयक उस समय आ रहा है, जब युनाइटेड नेशन्स ने 2025 को इंटरनेशनल ईयर ऑफ कोऑपरेटिव घोषित किया हुआ है। हम जानते हैं कि आज भारत में 8 लाख से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनमें 30 करोड़ सदस्य जुड़े हुए हैं। इसका मतलब यह है कि हमारी सोसाइटी का एक बहुत बड़ा सेगमेंट इस सेगमेंट से जुड़ा हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि यह बिल कोऑपरेटिव क्षेत्र के लिए वही कार्य करेगा, जो IITs ने इंजीनियरिंग के लिए और IIMs ने मैनेजमेंट एजुकेशन के लिए किया है। यह तभी संभव हो पाएगा, जब यह एक डायनेमिक यूनिवर्सिटी बने, एक मल्टी-डाइमेंशनल यूनिवर्सिटी बने और एक इंटर-डिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी बने।

अब मैं कुछ बातें बिल के प्रावधानों पर करना चाहूंगा। क्लॉज 4 के तहत इंस्टिट्यूशन ऑफ रूरल मैनेजमेंट आणंद को एक विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने का प्रावधान है और इसका नाम त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय है। सरकार ने इसके लिए 500 करोड़ का फंड भी घोषित किया है। यह विश्वविद्यालय एक Institute of National Importance के रूप में घोषित किया जाएगा, जो कि एक अच्छा कदम है। इसके साथ-साथ आईआरएमए, जो पुराना इंस्टिट्यूट चल रहा है, उसको भी सेंटर ऑफ एक्सिलेंस घोषित किया जाएगा और उसकी ऑटोनमी को मेन्टेन रखा जाएगा। क्लॉज 6 में विश्वविद्यालय के उद्देश्य स्पष्ट किए गए हैं, जैसे कि कोऑपरेटिव सेक्टर के लिए ट्रेन्ड मैनपावर तैयार करना, कोऑपरेटिव सोसाइटीज़ के कर्मचारियों और बोर्ड मेम्बर्स को ट्रेनिंग देना, रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र में StartUps, innovation और entrepreneurship के लिए भी जरूरी कदम उठाना।

अब मैं आगे बढ़ते हुए कुछ सुझाव देना चाहूंगा। कोऑपरेटिव सोसाइटी में पीढ़ियों से कुछ लोगों ने बहुत ज्यादा योगदान दिया है और वे इस मूवमेंट से भी जुड़े रहे हैं, जैसे शुगर मिल्स हैं,

डेयरी यूनियन्स हैं, एपीएमसीज़ हैं, वुमेन सोसाइटी हैं, किसान ऑर्गेनाइजेशन्स हैं। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि ऐसे लोग, जो इसमें पीढ़ियों से जुड़े हुए हैं, उनको एडमिशन में प्राथमिकता दी जाए और उनको नौकरियों में भी प्राथमिकता दी जाए, यानी उनके लिए इस बिल के अंदर ही विशेष रिज़र्वेशन का प्रावधान किया जाए। इस विधेयक के क्लॉज़ 7 में एक प्रावधान है कि विश्वविद्यालय अपनी जरूरत और उद्देश्यों की पूर्ति के लिए outlying campus या स्किल डेवलपमेंट कैम्पस खोल सकता है। आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से इस अवसर पर एक मांग करूंगा। मैं पंजाब से आता हूं और पंजाब एक ऐसा राज्य है, जिसने कोऑपरेटिव मूवमेंट में सबसे ज्यादा सहयोग दिया है। जब देश की खाद्य सुरक्षा की बात आई, तब पंजाब सबसे आगे आकर खड़ा हुआ। यदि देश में ग्रीन रेवोल्यूशन सक्सेसफुल हुआ, तो उसमें भी सबसे ज्यादा योगदान पंजाब का रहा और पंजाब ने पूरे देश का पेट भरा। पंजाब में वेरका, सोहना और पंजाब एग्रो जैसी सरकारी संस्थाएं भी हैं, जिनका इसमें महत्वपूर्ण योगदान है।

मैं सरकार से फिर दोबारा मांग करूंगा कि त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी का जो सबसे पहले outlying campus खोला जाए, वह पंजाब में खोला जाए। यह माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन है और मुझे लगता है कि इसमें बाकी लोग भी मुझे सपोर्ट करेंगे। सहकारिता के बारे में कई बार हमें लगता है कि वह सिर्फ आर्थिक संरचना है, बल्कि वह एक आर्ट भी हो सकती है और वह एक साइंस भी हो सकती है, क्योंकि इसमें हर क्षेत्र आ जाता है। इसमें डेयरी भी आती है, कृषि भी आती है, टेक्सटाइल का रॉ मैटेरियल भी आता है, बैंकिंग भी कोऑपरेटिव सोसाइटी का एक अभिन्न अंग है, हाउसिंग भी उसमें आता है, फिशरीज़ भी आता है, हैंडीक्राफ्ट भी आता है और कॉटेज इंडस्ट्रीज भी आता है। इसमें बहुत अलग-अलग मुद्दे आते हैं। ...(**व्यवधान**)... मेरा सुझाव होगा कि इस विश्वविद्यालय में सेक्टर-स्पेसिफिक कोर्सेज शुरू किए जाएं, जिससे कोऑपरेटिव सेक्टर की सप्लाई चेन के हर अंग को मजबूती मिले और ग्राउंड लेवल से ग्लोबल लेवल तक भारत की सहकारिता को मजबूत बनाया जा सके। यह आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन रहेगा। क्लॉज 9 में सरकार के पास कुछ एक्सेसिव पावर्स हैं, यहां तक कि वह यूनिवर्सिटी के किसी डिसीजन को भी रद्द कर सकती है। एक तरफ हम इसे Institute of National Importance बना रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ कह रहे हैं कि सरकार बीच में कभी भी उसके किसी फैसले को रद्द कर सकती है, तो यह थोड़ा contradictory है। इसलिए मैं आपके through मंत्री जी से निवेदन करूँगा कि उसकी importance को बचाए रखने के लिए, उसके eminence के status को बचाए रखने के लिए सरकार की दखलअंदाजी न हो और सरकार को उसके किसी फैसले को रद्द करने का अधिकार न हो।

मैडम, मैं एमपीज़ की तरफ से मंत्री जी से एक निवेदन करूँगा कि बहुत से केंद्रीय विश्वविद्यालय में Member of Parliament को Governing Body में एक सीट दी जाती है, लेकिन इसमें वह प्रावधान नहीं है। हममें से बहुत से Members of Parliament ऐसे होंगे, जो cooperative movement से जुड़े हुए हैं, जो किसान movement से जुड़े हुए हैं। ...(**समय की घंटी**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)**: माननीय सदस्य, please conclude.

**डा. अशोक कुमार मित्तल**: मैडम, मुझे बस आधा मिनट दे दीजिए। यह हम सभी की माँग है। इसलिए उसमें एमपीज़ में से एक मेम्बर जरूर बनाया जाए, ताकि वे हमारे एमपीज़ का फायदा उठा सकें। ...(**समय की घंटी**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)**: धन्यवाद, माननीय सदस्य।

**डा. अशोक कुमार मित्तल** मैडम, बस आखिरी लाइन रह गई। चूँकि यह मंत्रालय अमित शाह जी के पास है, तो हम सबकी उम्मीद बढ़ जाती है कि इसमें बहुत बढ़िया काम होगा। इसीलिए मैं उम्मीद करता हूँ ...

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI DHARMSHILA GUPTA): Please conclude.

**डा. अशोक कुमार मित्तल**: मैडम, मैं बस conclude कर रहा हूँ। इसमें मेरे suggestion के ऊपर ध्यान दिया जाए। मैडम, मैं बस दो लाइनें कह कर अपनी बात खत्म करूँगा। अब ज्ञान से सहकार का दीप जलाएँ हम।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती धर्मशीला गुप्ता)**: माननीय सदस्य, आपका समय समाप्त हो गया। आपकी बात आ गई, प्लीज़ बैठ जाइए। श्री शुभाशीष खुंटिया जी। आपके पास 8 मिनट्स हैं।

SHRI SUBHASISH KHUNTIA (Odisha): Hon. Vice-Chairman, Madam, today, on Utkal Diwas, we honour Odisha's rich cultural heritage and contributions. I extend my best wishes to all. *Bande Utkal Janani.*

